email

**MOST-URGENT**
**OUT – TODAY**

राजस्थान सरकार

# कार्यालय जिला कलक्टर, भीलवाड़ा

क्रमांकः सामान्य / कोरोना / 2020 / 32042 दिनांक :– 04 मई, 2020

**श्री हिमांशु दुगड़,**
**अध्यक्ष,**
**गांधी विद्या मंदिर,**
**सरदारशहर।**
**जिला–चुरू (राज0)**

विषय :– संस्थान द्वारा निःशुल्क वितरित किए जा रहे **"कोरोना विरोधी एंटी वायरल काढ़ा"** के संबंध में।

महोदय,

समाचार पत्र एवं सोशियल मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि गांधी विद्या मंदिर एवं उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान मानित विश्वविद्यालय, सरदारशहर (जिला चुरू) के संयुक्त तत्वाधान में **"कोरोना विरोधी एंटी वायरल काढ़ा"** का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। यह काढ़ा एक आर्युवेदिक हर्बल उत्पाद है जो कि व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाकर जीवाणु व विषाणु जनित संक्रमण से शरीर की रक्षा करता हैं। इस काढ़े का स्वास्थ्य पर कोई विपरीत प्रभाव भी नहीं है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए संस्थान किया जा रहा सेवा कार्य प्रशंसनीय है।

कृपया भीलवाड़ा जिले की जनता के लिए **"कोरोना विरोधी एंटी वायरल काढ़ा"** के 20,000 पैकेट निःशुल्क जिला प्रशासन, भीलवाड़ा को भिजवाने का कष्ट करावें।

भवदीय

**जिला कलक्टर**
**भीलवाडा**

:: Nitin :: Covid-19/ CRPC-144

**Madan Mohan Acharya is on Facebook.** To connect with Madan Mohan, log in to Facebook.

Log In

or

Join

**Madan Mohan Acharya** is with **अजय शास्त्री** and **22 others.**
18 March at 09:43 ·

सरदारशहर गांधी विद्या मंदिर द्वारा कोरोना विरोधी एंटीवायरल क्राथ का निःशुल्क वितरण।
सादुलपुर( मदन मोहन आचार्य) गांधी विद्या मंदिर एवं उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान मानित विश्वविद्यालय, सरदारशहर के संयुक्त तत्वावधान में 16 मार्च, 2020 से निरंतर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कोरोना विरोधी एंटी वायरल काढ़ा का निशुल्क वितरण एवं जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। श्री भंवरलाल दूगड़ आयुर्वेद विश्व भारती की टीम के द्वारा तैयार यह सर्वज्वरहर एंटीवायरल काढ़ा एक आयुर्वेदिक हर्बल उत्पाद है जो व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर जीवाणु एवं विषाणु जनित संक्रमण से शरीर की रक्षा करता है । यह नुस्खा श्री ए. नागराज (प्रणेता मध्यस्थ दर्शन ,सहअस्तित्ववाद) का सर्व शुभ के लिए दिया गया है। यह नुस्खा 700 वर्ष पुराने आयुर्वेद की परंपरा से मिला है। आयुर्वेद विश्व भारती द्वारा पूर्णतया जांच में यह पाया गया कि इस नुस्खे का स्वास्थ्य पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं है उसके बाद ही शहर एवं गांव में निःशुल्क वितरण के लिए तैयार किया गया है। क्राथ वितरण के संयोजक कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक हरफूल सारण ने बताया कि गांधी विद्या मंदिर एवं उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान मानित विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्मिकों द्वारा सरदारशहर के बुकलसरबास, इमामबाड़ा, रैगर बस्ती, गोशालावास, ताल मैदान, मदीनावास ,भूरजी का कुआं, बस स्टैंड, चौधरियों का कुआं, कालू खान का कुआं, आदि स्थानों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बुकलसर, पूलासर, जीवणदेसर, मेहरी फोगा , बरड़ासर आदि क्षेत्रों में 3 दिनों में 50 टीमों के द्वारा कुल 96000 लोगों को करोना विरोधी काढ़ा पिलाया गया। गांधी विद्या मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़ द्वारा इस संक्रमित विश्व आपदा में संपूर्ण सरदारशहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में करोना विरोधी काढ़ा पिलाने का निर्णय प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायक रहा है। क्राथ वितरण के कार्य में गांधी विद्या मंदिर के सचिव बिग्रेडियर अजयपति त्रिपाठी एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

Share

hdugar@gmail.com

President, Gandhi Vidya Mandir, Sardarsher, Rajasthan

Shri Himanshu Ji Dugar mobile 94140 86016

इनके नाम से लेटर बनेगा निशुल्क के लिए

# गांधी विद्या मंदिर में काढा बनाने वाले सयंत्र का उद्घाटन



**सरदारशहर।** कोरोनावायरस में कारगर साबित होने वाले आयुर्वेदिक काढ़े को लेकर अब सरदारशहर का गांधी विद्या मंदिर संस्थान आगे आया है। गांधी विद्या मंदिर संस्थान द्वारा पूरी सरदारशहर तहसील को निशुल्क काढ़ा पिलाया जा चुका है। आयुर्वेदिककाढ़े की रोग प्रतिरोधक क्षमता को देखते हुए हर रोज 1 लाख पैकेट तैयार करेगा। और यह पैकेट पूरे देश भर में भेजे जाएंगे। गांधी विद्या मंदिर में रोग प्रतिरोधक काढ़ा बनाने वाले संयंत्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़ ने बताया कि कोरोना में आयुर्वेदिक काढ़ा कारगर साबित हो रहा है।


जिसको देखते हुए गांधी विद्या मंदिर की ओर से हर रोज 1 लाख पैकेट तैयार किए जाएंगे, जिसका एक संयंत्र हर रोज 30000 पैकेट तैयार करेगा। गांधी विद्या मंदिर में चार संयंत्र लगवाए गए है। हिमांशु दूगड़ ने बताया कि देश की सभी राज्य सरकारों को यह काढ़ा निशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। अगर अन्य संस्थान इसे खरीदता है तो लागत कीमत पर उन्हें उपलब्ध करवाया जाएगा। संयंत्र के उद्घाटन पर थाना अधिकारी महेंद्रदत्त शर्मा, डीएसपी गिरधारी लाल शर्मा ने संयंत्र का शुभारंभ किया और गांधी विद्या मंदिर संस्थान के अध्यक्ष हिमांशु दूगड को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, डीएसपी गिरधारीलाल शर्मा, थानाधिकारी महेन्द्र दत्त शर्मा, बीडीओ संतकुमार मीणा, ईओ देवेन्द्र कौशिक, आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डा.रविन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# सामाजिक सरोकारों को निभाने का जीवंत उदाहरण हिमांशु जी दुगड़ एवं गांधी विद्या मंदिर, सरदारशहर



| क्र.सं. | घटक द्रव्य | मात्रा (ग्राम में) |
|---|---|---|
| 1. | सौंठ | 1.53 |
| 2. | काली मिर्च | 1.53 |
| 3. | पीपली | 1.53 |
| 4. | लौंग | 0.769 |
| 5. | छोटी ईलायची | 0.769 |
| 6. | बड़ी ईलायची | 0.769 |
| 7. | दालचीनी | 0.769 |
| 8. | जायफल | 0.769 |
| 9. | जावित्री | 0.769 |
| 10. | तुलसी पत्र | 0.769 |









श्री हिमांशु जी दुगड़ अध्यक्ष गांधी विद्या मंदिर, सरदारशहर के नेतृत्व में कोरोना महामारी को लेकर जन जागृति एवं सहयोग के कार्य लॉकडाउन से पूर्व से चल रहे है । सभी डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ सहित 500 बेड का कॉर्नटाइल सेंटर भी चल रहा है । 1. रोगियों की स्क्रीनिंग - 52 2. शरीर की प्रतिरक्षा को बढ़ाने के लिए काढ़ा- 250000 व्यक्ति 3. क्वॉरेंटाइन - 120 व्यक्ति 4. नए क्वॉरेंटाइन-02 व्यक्ति 5. 22 स्वस्थ व्यक्तियों को सफलतापूर्वक क्वॉरेंटाइन की अवधि पूरी करने पर इन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।

श्री हिमांशू जी करोना जैसी महामारी में निस्वार्थ सेवा कार्य में जुड़ के तन मन और धन से सेवा कर रहे है, सरदारशहर में दो वर्ष तक स्वच्छ भारत अभियान, तिरंगा यात्रा, अभी ये महामारी में आज सरदारशहर में अभी तक एक भी पॉजिटिव केस का नहीं होना श्री हिमांशू जी की दूरदर्शिता का परिणाम ही है गांधी विद्या मंदिर के अध्यक्ष श्री हिमांशु दुगड़ के नेतृत्व में गांधी विद्या मंदिर के कर्मचारी कर रहे हैं, उपखंड अधिकारी एवम प्रशासन का कंधे से कंधा मिलाकर अपना सहयोग कर रहे हैं। क्युकी वो स्वामी महराज के इस aim को आगे बढ़ाया। "कुछ ना चाहो, काम आ जाओ, कोई ओर नहीं, कोई गैर नहीं।

अभातेयुप जेटीएन से धर्मेन्द्र डाकलिया, समाचार साभार - पुष्प जैन, सरदारशहर